04 जल्द शुरू होगा स्टेडियम का निर्माण



07 नारी शक्ति वंदन अधिनियम रुकने पर...



### खबर संक्षेप

#### जिले में श्रम स्टार रेटिंग सिस्टम हुआ लागू

**नर्मदापुरम।** श्रम विभाग, मध्यप्रदेश शासन राज्य के श्रमिकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कल्याण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से श्रम विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा श्रम सेवा पोर्टल के माध्यम से पंजीकृत कारखानों, दुकानों एवं अन्य वाणिज्यिक संस्थानों हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण पहले की गई है। विभाग द्वारा लागू किया गया है। यह एक स्व-मूल्यांकन आधारित, निष्पक्ष एवं स्वचालित प्रणाली है, जिससे संस्थानों द्वारा जानकारी के आधार पर उनके श्रम कानूनों के अनुपालन स्तर का मूल्यांकन कर उन्हें स्टार रेटिंग प्रदान की जाती है।

#### छात्रों के प्रोजेक्ट से आएगा बदलाव

**नर्मदापुरम।** मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के तहत मास्टर ऑफ सोशल वर्क और बैचलर ऑफ सोशल वर्क के छात्र अब सिर्फ डिग्री नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव की नींव रख रहे हैं। यह बात मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के कार्यपालक निदेशक डॉ. बकुल लाड ने पीएम श्री कॉलेज नर्मदापुरम के निरीक्षण के दौरान कही। निरीक्षण के दौरान डॉ. लाड ने छात्रों की प्रैक्टिकल फाइल्स और असाइनमेंट्स का अवलोकन किया।

### कलेक्टर ने किए सघन निरीक्षण, व्यवस्थाओं की ली जानकारी

## नर्मदा के घाटों की साफ-सफाई, पार्किंग व उचित यातायात प्रबंधन के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने नर्मदापुरम के प्रसिद्ध सेठानी घाट एवं आसपास के क्षेत्रों का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने घाट क्षेत्र में व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर मिश्रा ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) को निर्देशित किया कि घाट क्षेत्र में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने घाट पहुंच मार्ग एवं घाटों पर भिक्षावृत्ति की प्रवृत्ति को समाप्त करने के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए की घाटों पर सुगमता से पहुंच के लिए बाजार क्षेत्र में बेहतर यातायात प्रबंधन लागू किए जाने के लिए प्लानिंग करें।

नवागत कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने मंगलवार-बुधवार को जिले का सघन निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



#### आवारा पशुओं को गौशाला पहुंचाये : कलेक्टर

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने घाट पहुंच मार्ग पर सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था विकसित करने तथा आवारा पशुओं को गौशाला अथवा कांजी हाउस में स्थानांतरित करने के निर्देश भी दिए। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि घाट क्षेत्र के लिए उपयुक्त स्थान चिन्हित कर व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सेठानी घाट से लेकर मोरछली चौक तक पैदल भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मार्ग पर संचालित दुकानों को व्यवस्थित रूप से संचालित कराने के निर्देश दिए।

#### उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कृषि उपज मंडी बनखेड़ी में संचालित गेहूं एवं चना उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्रों पर उपलब्ध स्कंद की एफएक्यू गुणवत्ता की जांच कराई तथा निर्देश दिए कि उपार्जन कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि उपार्जन केंद्रों से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत पर संबंधित उपार्जन समिति द्वारा तत्काल प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जाए। उन्होंने केंद्रों पर उपस्थित किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं और कई मामलों में मौके पर ही समाधान किया। इस दौरान कलेक्टर ने पिपरिया स्थित सांदीपनि विद्यालय के निरीक्षण भी किया और निर्देश दिए कि निर्माणाधीन समस्त कार्य आगामी 15 जून तक पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि विद्यालय के सभी खंडों में कार्य समानांतर रूप से संचालित किया जाए तथा श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर कार्य में तेजी लाई जाए।

#### रोको-टोको हेलमेट अभियान प्रारंभ करने के निर्देश

उन्होंने निर्देशित किया कि यातायात प्रबंधन के लिए घाट पहुंच मार्ग के समीप प्रमुख चौराहे पर यातायात पुलिस की तैनाती सुनिश्चित की जाए, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे। साथ ही उन्होंने मुख्य मार्गों पर "रोको-टोको हेलमेट अभियान" प्रारंभ करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीएमओ को निर्देश दिए कि राजस्व एवं यातायात विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर सभी बिंदुओं पर एक विस्तृत कार्य योजना तैयार की जाए तथा उसका शीघ्र क्रियान्वयन प्रारंभ किया जाए।

## नर्मदापुरम-हरदा मार्ग पर एंबुलेंस में लगी आग

### पुलिस की तत्परता से मरीज की बची जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी मालवा

नर्मदापुरम-हरदा मार्ग पर ग्राम सावलखेड़ा के आगे टर्निंग के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सिवनी मालवा से मरीज को होशंगाबाद ले जा रही एक एंबुलेंस में अचानक आग लग गई। घटना के दौरान एंबुलेंस में मरीज मौजूद था, जो ऑक्सीजन सपोर्ट पर था।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एंबुलेंस से अचानक धुआं निकलने लगा। स्थिति को भांपते हुए चालक इसरार ने तुरंत वाहन रोका और सतर्कता दिखाते हुए मरीज को बाहर निकाला, जिससे बड़ा हादसा टल गया। देखते ही देखते आग ने वाहन को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही डोलरिया थाना पुलिस ने तत्काल सक्रियता दिखाई। प्रधान आरक्षक सुशील मिश्रा, आरक्षक अजय गुप्ता तथा हंड्रेड डायल पायलट सुधीर उईके टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने पास के पेट्रोल पंप से फायर एक्सटिंग्विशर लेकर एंबुलेंस में लगी आग बुझाने का कार्य शुरू किया और समय रहते आग पर काबू पा लिया।

पुलिस कर्मियों ने सूझबूझ और तत्परता दिखाते हुए ऑक्सीजन सपोर्ट पर मौजूद मरीज को सुरक्षित हंड्रेड डायल वाहन में शिफ्ट किया। इसके बाद दूसरी 108 एंबुलेंस बुलाकर मरीज को सुरक्षित अस्पताल रवाना किया गया।

घटना के दौरान कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा। पुलिस की त्वरित कार्रवाई, चालक की सतर्कता और मानवीय संवेदनशीलता की क्षेत्रभर में सराहना हो रही है। प्रारंभिक रूप से आग लगने का कारण तकनीकी खराबी माना जा रहा है।

## लापरवाही से ट्रक चलाने वाले चालक पर मामला हुआ दर्ज

### भिड़ंत में ओमनी वैन के उड़े परखच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

सुखतवा क्षेत्र के भरगदा रोड तिराहे पर एक तेज रफ्तार आयशर ट्रक ने ओमनी वैन को जोरदार टक्कर मार दी। फरियादी अनंत सिंह गौड़ 47, निवासी लखूली जिला विदिशा अपनी ओमनी वैन एमपी 38 बीए 0612 से जा रहे थे। तभी भरगदा रोड के पास आयशर ट्रक बीपी 65 बीएल 8435 के चालक बलदेव राज, निवासी सांबा जम्मू-कश्मीर ने वाहन को तेजी और लापरवाही से चलाते हुए वैन के ड्राइवर साइड में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ओमनी वैन का सामने का कांच, दोनों गेट, स्टीयरिंग, बफर और छत पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन वाहन को काफी नुकसान पहुंचा है। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ सार्वजनिक मार्ग पर लापरवाही से वाहन चलाने के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

#### लू व हीट स्ट्रोक से सतर्क रहने की एडवायजरी जारी

**नर्मदापुरम।** जिले में इन दिनों भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। तेज धूप और झुलसाने वाली लू के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है तथा लोग दिन के समय घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं। पिछले 10 दिनों से जिले का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना हुआ है, वहीं रात्रि का तापमान भी 20 डिग्री के पार पहुंच गया है। ऐसी स्थिति को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरसिंह गेहलोत द्वारा स्वास्थ्य एडवायजरी जारी कर नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील की गई है।

## भवन निर्माण के लिए पेड़ों की कटाई पूरी तरह वैधानिक, भरपाई के लिए लगेंगे 188 नए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

म.प्र. औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड के नए क्षेत्रीय कार्यालय भवन निर्माण के लिए की जा रही पेड़ों की कटाई को लेकर सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों का प्रशासन और विभाग ने सिरे से खंडन किया है। और अनुविभागीय अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की भूमि पर हो रही यह कटाई पूरी तरह से कानूनी और प्रशासन द्वारा प्राधिकृत है। यह कदम क्षेत्र के औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन के व्यापक हित में उठाया जा रहा है।

#### नगर पालिका से ली गई है विधिवत अनुमति

जानकारी के अनुसार, निगम ने 8 अक्टूबर 2025 को वृक्षों की कटाई के लिए नगर पालिका परिषद, नर्मदापुरम में विधिवत आवेदन प्रस्तुत किया था। स्थल निरीक्षण के बाद नगर पालिका द्वारा 'म.प्र. वृक्ष का परीक्षण (नगरीय क्षेत्र) अधिनियम 2001' के तहत 22 नवंबर 2025 को 47 पीले गुलमोहर के पेड़ों को काटने की अनुमति प्रदान की गई थी। नर्मदापुरम के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं दंडाधिकारी जय सोलंकी ने आम जनता से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही भ्रामक और असत्य खबरों पर बिल्कुल भी विश्वास न करें। प्रशासन ने तथ्यों की पुष्टि कर ली है और यह कार्यवाही वैधानिक अनुमतियों के आधार पर ही की जा रही है। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि प्रशासन अफवाह फैलाने वालों पर सतत निगरानी रखे हुए है, इसलिए नागरिक केवल आधिकारिक तथ्यों पर ही भरोसा करें और शहर के विकास में प्रशासन का सहयोग करें।

## 25 को निकाली जाएगी श्री लक्ष्मी नारायण शाही सवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

इस साल भी आगामी 30 अप्रैल को शहर के कोलीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर में छह दिवसीय भव्य पंच कुण्डात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए मंदिर परिसर में दोपहर में श्री-श्री 1008 महामंडलेश्वर महंत रामभूषण दास महाराज के निर्देश पर संत माधव दास महाराज के मार्गदर्शन में रामचरित्र मानस पाठ का श्रीगणेश किया गया है। मंगलवार को मुख्य यजमान नमिता अखिलेश राय, यज्ञाचार्य कुणाल व्यास, प्रभारी सन्नी सरदार, सुनील राय, गणेश यादव, रजत मुंदडा, बाबू बैस आदि ने संत माधव महाराज सहित अन्य के मार्गदर्शन में यज्ञशाला का निरीक्षण किया और उसके पश्चात दोपहर में लगातार 24 घंटे तक आयोजित होने वाली रामचरित्र मानस के पाठ की शुरूआत की, वहीं आगामी 25 अप्रैल को निकाली जाने वाली भव्य श्री लक्ष्मी नारायण शाही सवारी के बारे में तैयारियों को अतिम रूप देते हुए यहां पर उपस्थित महिला मंडलों की बैठक ली गई।

#### केंद्रीय जेल में बंद महिलाओं के लिए मेहंदी प्रशिक्षण शुरू

**नर्मदापुरम।** मिशन शक्ति के अंतर्गत हब फार एम्पावरमेंट आफ वुमन योजना के तहत केंद्रीय जेल में बंद महिलाओं के लिए 15 दिवसीय मेहंदी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को किया गया। कार्यक्रम 6 मई तक चलेगा। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में संयुक्त संचालक श्रीमती तृप्ति त्रिपाठी ने महिलाओं को प्रशिक्षण का महत्व, उसकी उपयोगिता और रोजगार के अवसरों की विस्तार से जानकारी दी। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री ललित डेहरिया ने विभाग की योजनाओं, महिला सशक्तिकरण और नारी शक्ति वंदन अभियान के बारे में बताया। जेल अधीक्षक संतोष सोलंकी ने स्व सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों और जेल में संचालित शासकीय योजनाओं की जानकारी दी।

## अज्ञात तत्वों ने घर के सामने खड़ी स्कूटी में लगाई आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



न्यू यार्ड कॉलोनी के अंतर्गत आने वाले खेड़ापति मंदिर के पास बुधवार तड़के असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद नजर आए। यहां एक घर के सामने खड़ी दुपहिया गाड़ी को अज्ञात तत्वों ने आग के हवाले कर दिया, जिससे वाहन पूरी तरह जल गया। पीड़ित यश नागवंशी निवासी बकरी मोहल्ला खेड़ापति मंदिर के पास ने बताया कि उनकी टीवीएस जूपिटर स्कूटी घर के सामने खड़ी थी। बुधवार सुबह करीब 4 बजे अज्ञात उपद्रवियों ने वाहन में आग लगा दी। जब तक आग पर काबू पाया जाता, तब तक पूरी बाइक जलकर खाक हो चुकी थी। इस घटना में पीड़ित को लगभग 20 से 25 हजार रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। अचानक हुई इस आगजनी से क्षेत्र के रहवासियों में असुरक्षा का माहौल है। पीड़ित यश नागवंशी ने इस मामले की शिकायत पथरोटा थाने में दर्ज कराने की बात कही है, ताकि दोषियों की पहचान कर उन पर कानूनी कार्रवाई की जा सके।

## नपाध्यक्ष ने किया निर्माणाधीन नाली के कार्य का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

नगर में नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के नेतृत्व में विकास कार्य किए जा रहे हैं। वहीं बुधवार को नपाध्यक्ष नीतू यादव द्वारा वार्ड क्रमांक 17 में निर्माणाधीन नाली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्य प्रभारी दीक्षा तिवारी और संबंधित निर्माण एजेंसी के कर्मचारी उपस्थित रहे। नपाध्यक्ष यादव ने निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि कार्य गुणवत्तापूर्ण और समय सीमा में पूर्ण किया जाए। जिससे नागरिको इसका समय पर लाभ मिल सके।

## सीएमओ ने अलसुबह किया नगर का निरीक्षण सफाई व्यवस्था सुधारने के दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में नगर पालिका प्रशासन अलर्ट मोड पर है। कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में बुधवार को मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले ने अलसुबह समूचे नगर की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद स्वच्छता शाखा के कर्मचारियों की उपस्थिति जांची और उन्हें सही तरीके व तेज गति से कार्य करने के सख्त निर्देश दिए।

अलसुबह निकले निरीक्षण दल के साथ सीएमओ पटले ने मंगलवारा घाट, वार्ड नंबर 02 और वार्ड 27 स्थित पं. भवानी प्रसाद मिश्र पार्क का सघन दौरा किया। उन्होंने घाटों पर चल रही साफ-सफाई का बारीकी से अवलोकन किया। इसके साथ ही पार्कों की वर्तमान स्थिति को देखते हुए अधिकारियों को पार्क के रखरखाव और उसे व्यवस्थित करने के कड़े निर्देश दिए ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक कमलेश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव और सीएमओ हेमेश्वरी पटले के निर्देशन में पूरे शहर में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

## 10वीं-12वीं के अनुत्तीर्ण छात्रों के लिए निशुल्क विशेष कक्षाएं प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने के बाद, उन छात्रों के लिए राहत भरी खबर है जो किसी कारणवश किसी विषय में सफल नहीं हो पाए हैं। शहर के प्रतिष्ठित फ्रेन्ड्स हायर सेकेंडरी स्कूल ऐसे विद्यार्थियों की मदद के लिए निशुल्क विशेष कक्षाओं का आयोजन कर रहा है। स्कूल के प्राचार्य जयराज सिंह भानु ने बताया कि यह पहल पूरी तरह से छात्र हित में की गई है। ये कक्षाएं केवल फ्रेन्ड्स स्कूल के विद्यार्थियों के लिए ही नहीं, बल्कि शहर के उन सभी छात्रों के लिए निशुल्क रखी गई हैं जो अपनी शैक्षणिक बाधाओं को दूर करना चाहते हैं। जो भी विद्यार्थी इन विशेष कक्षाओं का लाभ उठाकर आगामी परीक्षा की तैयारी करना चाहते हैं, वे तत्काल स्कूल कार्यालय में संपर्क कर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। प्राचार्य ने छात्रों से अपील की है कि वे निराश न हों और इस अवसर का लाभ उठाकर अपनी तैयारी को मजबूत करें।

### किरार दर्पण स्मारिका का हुआ विमोचन

## महगवा में 48 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे, सादगी और फिजूलखर्ची रोकने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर बनखेड़ी तहसील के ग्राम महगवा में किरार समाज का 31वां सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेलन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस भव्य आयोजन में 48 नवयुगल वैदिक विधि-विधान से परिणय सूत्र में बंधे। सभी जोड़ों ने दिखावे और तामझाम से दूर रहकर समाज को फिजूलखर्ची रोकने और सामाजिक एकता का एक सकारात्मक संदेश दिया।

किरार समाज व्यापारी प्रकोष्ठ द्वारा सभी 48 नवविवाहित जोड़ों को फलदार पौधे भेंट किए गए, जिससे पर्यावरण बचाने का संदेश दिया गया। करीब 30-40 एकड़ क्षेत्र में आयोजित इस सम्मेलन में 48 विशेष मंडप सजाए गए थे।



कार्यक्रम में वर-वधू पक्ष के रिश्तेदारों सहित लगभग 50 हजार लोग शामिल हुए। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्चुअल माध्यम से जुड़कर नवविवाहितों को आशीर्वाद दिया। वहीं, क्षेत्रीय सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने मंच से नवयुगलों को शुभकामनाएं देते हुए कार्यकर्ताओं की मेहनत की सराहना की। इस अवसर पर समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभात कुमार चौधरी, सांसद दर्शन सिंह चौधरी और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में 'किरार दर्पण' स्मारिका का विमोचन भी किया गया।

#### विधायक के सहयोग से न्यायालय परिसर में लगा नलकूप

**इटारसी।** गर्मी के मौसम में इटारसी



न्यायालय परिसर में गहराती पेयजल की समस्या का अब स्थाई समाधान हो गया है। अधिवक्ता संघ इटारसी के संरक्षक और विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा के विशेष सहयोग से परिसर में नया सबमर्सिबल पंप और मोटर स्थापित कर दी गई है। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रमेश राजपूत ने न्यायालय परिसर में पानी की गंभीर समस्या को देखते हुए विधायक से सबमर्सिबल पंप के उत्खनन का निवेदन किया था। विधायक डॉ. शर्मा ने इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए विगत दिनों उत्खनन कार्य पूर्ण कराया। इसके पश्चात, मोटर लगाने की आवश्यकता को देखते हुए अध्यक्ष रमेश राजपूत ने पुनः विधायक से व्यक्तिगत आग्रह किया।

## विकसित भारत संकल्प की दिशा में पहल : सांसद दर्शन सिंह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में शिक्षा, महिला, बाल, युवा एवं खेल संबंधी संसदीय स्थायी समिति द्वारा राज्य के शिक्षा एवं खेल के बुनियादी ढांचे की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरे में होशंगाबाद-नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी भी सम्मिलित हुए। दौरे के प्रथम दिवस समिति ने चिंपू स्थित सांगे ल्हाडेन स्पोर्ट्स अकादमी में भारतीय खेल प्राधिकरण के अंतर्गत संचालित 'नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' का निरीक्षण किया तथा खेल प्रशिक्षण एवं आधारभूत सुविधाओं का अवलोकन किया। सांसद ने कहा कि इस प्रकार के दौरे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में मजबूत बुनियादी ढांचा तैयार कर युवाओं को बेहतर अवसर प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है।

## खबर संक्षेप

### घोड़ाडोंगरी को मिली सिंचाई की सौगात

**बैतूल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जल संसाधन विभाग ने घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्षेत्र के पुनर्वास क्षेत्र चोपना के किसानों को बड़ी सौगात दी है। विभाग ने भोगईखापा बैराज सिंचाई परियोजना को स्वीकृति प्रदान कर दी है। 3.67 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस बैराज से 214 हेक्टेयर कृषि भूमि पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे क्षेत्र के सैकड़ों किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने पत्र क्रमांक 10.30/मंत्री/ज.स./2025 के माध्यम से क्षेत्रीय विधायक श्रीमती गंगा सज्जन सिंह उईके को इसकी सूचना दी। पत्र में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश में सिंचाई रकबा बढ़ाने की दिशा में यह स्वीकृति दी गई है। इस पर विधायक गंगा उईके ने कहा कि बैराज निर्माण से कृषि उत्पादन बढ़ेगा और किसानों की आय में वृद्धि होगी।

### धोखाधडी करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

**शाहपुर।** शासकीय नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधडी करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। फरियादी सुनील यादव निवासी बीजादेही ने उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपीगण राजेश यादव निवासी धामन्या एवं अमित देशमुख निवासी दानिश कुंज कोलार रोड भोपाल ने वल्लभ भवन भोपाल मे नौकरी लगाने के नाम पर मेरे एवं मेरे दोस्त दिलीप यादव व राकेश यादव से 12,45,000 रूपये की धोखाधडी कर घटना कारित की गई।

हो सकेंगे बड़े क्रिकेट मुकाबले, एक हजार दर्शकों के बैठने की होगी क्षमता

# जल्द शुरू होगा स्टेडियम का निर्माण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कोठीबाजार स्थित उत्कृष्ट स्कूल खेल मैदान के पीछे करीब साढ़े 4 करोड़ की लागत से क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण किया जायेगा। इसे लेकर टैंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। ठेकेदार को वर्कआर्डर भी जारी किये जा चुके है। जल्द ही भूमिपूजन के बाद काम शुरू करने की तैयारी की जा रही है। विगत दिनों नपा सीएमओ नवनीत पाण्डेय ने उत्कृष्ट मैदान के पीछे प्रस्तावित स्टेडियम स्थल का निरीक्षण किया था। बताया जा रहा है कि जनप्रतिनिधियों से समय मिलते ही स्टेडियम निर्माण का भूमिपूजन किया जायेगा। दरअसल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल के विशेष प्रयासों से जिला मुख्यालय बैतूल में मुख्यमंत्री विशेष निधि से लगभग 5 करोड रुपए की लागत से राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम एवं 100 रनिंग मीटर के पांच लेन वाला सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक स्वीकृत हुआ है। स्टेडियम निर्माण के बाद बैतूल जिले की खेल प्रतिभाओं को जिला मुख्यालय पर ही राष्ट्रीय स्तर की क्रिकेट एवं एथलेटिक खेलों के प्रशिक्षण की सुविधा मिलने के साथ ही बैतूल में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन भी होगा। उल्लेखनीय है कि आदिवासी बाहुल्य बैतूल जिले की खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल द्वारा बैतूल में राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाई है। इसके पहले चरण में राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम एवं सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का निर्माण होगा। स्टेडियम के निर्माण से क्रिकेट खिलाड़ियों को काफी सुविधा मिलेगी और वे खेल अभ्यास के साथ-साथ बड़े आयोजन भी आयोजित कर पायेगे।

### पुलिस ग्राउंड में बनेंगे पांच सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक

जिले के छात्र-छात्राओं द्वारा आर्मी, पुलिस, फॉरेस्ट सहित अन्य विभागों में चयन के लिए की जाने वाली शारीरिक दक्षता परीक्षा की तैयारी को सुविधाजनक बनाने के लिए पुलिस परेड ग्राउंड बैतूल में लगभग 40 लाख की लागत से 100-100 मीटर लंबाई के 5 लेन सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का निर्माण किया जाएगा। राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक के इस ट्रैक पर रनिंग कर छात्र-छात्राएं शारीरिक दक्षता परीक्षा की तैयारी कर सकेंगे। साथ ही एथलेटिक्स, रनिंग के खिलाडियों को बैतूल में ही राष्ट्रीय स्तर की सुविधा मिलेगी।

### 2.63 एकड़ में बनेगा स्टेडियम, एक हजार दर्शकों की होगी क्षमता

एस्टो टर्फ खेल मैदान के बाजू में उत्कृष्ट विद्यालय बैतूल की भूमि पर लगभग साढे चार करोड रुपए की लागत से राष्ट्रीय मापदंडों के स्तर के सर्व सुविधायुक्त क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। प्रस्तावित स्टेडियम लगभग 2.63 एकड़ में बनेगा। स्टेडियम में पिच से 51 मीटर बाउंड्रीवाल की दूरी निर्धारित की गई है। जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह दूरी 59 मीटर होती है। इस स्टेडियम की लगभग 1000 दर्शकों के बैठने की क्षमता रहेगी। इसके अलावा स्टेडियम में प्रशासनिक सह पेवेलियन भवन, बाउंड्रीवॉल, फेंसिंग रिटेनिंग वॉल, कल्वर्ट, एंट्री गेट, आरसीसी ड्रेनेज, शौचालय, रेस्ट रूम, आरसीसी रोड, पार्किंग एरिया, क्रिकेट फील्ड, इलेक्ट्रिफिकेशन, स्टेडियम सीटिंग चेयर सहित अन्य निर्माण कार्य एवं व्यवस्थाएं की जाएगी। जिससे स्थानीय स्तर पर बड़े क्रिकेट मुकाबलों के आयोजन की भी संभावना बढ़ेगी।

### बैतूल खेलों के हब के रूप में होगा विकसित

आदिवासी बाहुल्य बैतूल जिले में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। लेकिन खेल प्रतिभाएं प्रोत्साहन और सुविधाओं के अभाव में आगे नहीं बढ़ पा रही थी, लेकिन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक के अथक प्रयासों से अब खिलाड़ियों को सुविधाएं एवं उचित मंच उपलब्ध होगा। इसके अलावा बैतूल में राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का निर्माण भी करवाया जा रहा है। स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में क्रिकेट, हॉकी, फुटबॉल वालीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, स्केटिंग, एथलेटिक्स सहित अन्य खेलों के लिए अत्याधुनिक खेल अधोसंरचना के कार्य करवाए जाएंगे। स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स बनने के बाद जिले की खेल प्रतिभाओं को स्थानीय स्तर पर उत्कृष्ट खेल सुविधाएं मिलने के साथ ही राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा सकेगा। जिससे बैतूल जिला राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर भी उभरेगा।

**इनका कहना है -**

स्टेडियम को लेकर टेंडर और वर्कआर्डर जारी किये जा चुके है। जल्द ही निर्माण भी शुरू कराया जायेगा। स्टेडियम निर्माण को लेकर विगत दिनों उत्कृष्ट स्कूल के पीछे प्रस्तावित स्टेडियम स्थल का निरीक्षण किया गया है।

नवनीत पांडे, सीएमओ, नगरपालिका बैतूल

# सड़क पर पड़े मिले युवक की उपचार के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



बड़ोरी गांव में बुधवार तडक़े 25 वर्षीय युवक सडक़ पर संदिग्ध हालत में घायल मिला। वह यहां एक शादी समारोह में शामिल होने आया था और पास ही उसकी बाइक भी पड़ी थी। डायल 112 की टीम ने घायल को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां आईसीयू में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम करा लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान मुलताई थाना क्षेत्र के वलनी निवासी देवीदास (25) पुत्र सुरजी धुर्वे के रूप में हुई है। देवीदास मजदूरी का काम करता था और बैतूल बाजार थाना क्षेत्र के बड़ोरी गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए आया था। बुधवार तडक़े वह संदिग्ध परिस्थितियों में सडक़ पर घायल अवस्था में पड़ा मिला। घटनास्थल पर उसकी बाइक भी पड़ी मिली है, जिससे आशंका जताई जा रही है कि वह किसी सडक़ हादसे का शिकार हुआ है। हादसे की सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और युवक को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। बताया गया कि अस्पताल लाते समय वह जीवित था, लेकिन गंभीर हालत के कारण उसे आईसीयू में भर्ती किया गया था, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। शुरुआत में युवक की पहचान नहीं हो सकी थी और उसे अज्ञात के रूप में भर्ती किया गया था। बाद में किसी व्यक्ति ने परिजनों को घटना की सूचना दी, जिसके बाद परिवार के लोग अस्पताल पहुंचे और शव की शिनाख्त की।

### कैट की बैठक संपन्न, व्यापारियों के हितों पर हुआ मंथन



**बैतूल।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग की महत्वपूर्ण संभागीय बैठक संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया के आतिथ्य में हरदा में संपन्न हुई। इस बैठक में व्यापारियों की समस्याओं उनकी जिम्मेदारियों तथा व्यापार में प्रगति के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में विशेष रूप से अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, प्रदेश प्रदेश महामंत्री राजीव खंडेलवाल, संभाग प्रभारी मंजीत सिंह साहनी, जिला अध्यक्ष बैतूल मनोज भार्गव, हरदा जिला अध्यक्ष सरगम जैन मौजूद रहे।

दंगों की त्रासदी ने उजाड़ा पूरा परिवार

# माता-पिता की मौत के बाद दो मूक-बधिर बेटे हुए बेसहारा

पूर्व विधायक डॉ. सुनीलम ने कलेक्टर से लगाई गुहार-राहत राशि, नौकरी और पुनर्वास की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

पवित्र नगरी में हुई आगजनी और दंगों की एक दर्दनाक कहानी सामने आई है, जिसने एक पूरे परिवार को तबाह कर दिया। माता-पिता की मौत के बाद अब दो मूक-बधिर बेटे—नीतीश बचले और शुभम बचले—पूरी तरह से निराश्रित और असहाय हो गए हैं। इस हृदयविदारक घटना को लेकर पूर्व विधायक एवं किसान संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुनीलम ने जिला कलेक्टर बैतूल को पत्र लिखकर तत्काल सहायता और पुनर्वास की मांग की है। दंगों से शुरू हुई त्रासदी, मौत तक पहुंची कहानी पत्र के अनुसार, 9-10 अक्टूबर 2025 को मुलतापी में दंगाइयों द्वारा नामदेव बचले के दो ठेलों सहित 11 अन्य ठेलों और दुकानों में आगजनी और लूटपाट की गई थी। इस घटना में नामदेव बचले को करीब 65 हजार रुपए का नुकसान हुआ। इस घटना के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। 19 जनवरी 2026 को पत्नी सरिता बचले का निधन हो गया। और गहरे सदमे में 18 अप्रैल 2026 को नामदेव बचले ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली अब इस चार सदस्यीय परिवार में केवल दो बेटे ही बचे हैं, जो मूक-बधिर हैं और पूरी तरह असहाय स्थिति में जीवन जीने को मजबूर हैं। मूक-बधिर बेटों की हालत बेहद दयनीय नीतीश और शुभम बचले न सिर्फ अपने माता-पिता को खो चुके हैं, बल्कि जीविकोपार्जन का कोई साधन भी उनके पास नहीं है। नीतीश बचले ने ब्रेल लिपि के माध्यम से बीए तक शिक्षा प्राप्त की है, इसके बावजूद रोजगार के अवसर न होने से उनका भविष्य अंधकारमय नजर आ रहा है। अब तक दर्ज नहीं हुई स्नढ्ढक्र, प्रशासन पर उठे सवाल सबसे गंभीर पहलू यह है कि इतनी बड़ी आगजनी और लूटपाट की घटना के बावजूद अब तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। इस पर भी पत्र में चिंता जताते हुए प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए गए हैं।

### 5 लाख की राहत राशि और नौकरी की मांग

डॉ. सुनीलम ने कलेक्टर से मांग की है कि पीड़ित परिवार को 5 लाख रुपए की राहत राशि प्रदान की जाए। नीतीश बचले को शासकीय नौकरी देकर पुनर्वास किया जाए परिवार को जीविकोपार्जन के लिए नया ठेला शुरू करने हेतु आर्थिक सहायता दी जाए पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि परिवार के पास संबल कार्ड और आयुष्मान कार्ड उपलब्ध हैं, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकता है। प्रशासन से मानवीय हस्तक्षेप की उम्मीद पूर्व विधायक ने कलेक्टर से आग्रह किया है कि इस मामले को संवेदनशीलता से लेते हुए पीड़ित परिवार को तत्काल राहत प्रदान की जाए। साथ ही, उन्होंने कलेक्टर से व्यक्तिगत रूप से परिवार से मिलकर सांत्वना देने की भी अपील की है।

# बाउंड्रीवाल व आरसीसी नाला निर्माण का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

नगर पालिका क्षेत्र के तीन वार्डों में निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। नगरपालिका अध्यक्ष व अन्य जनप्रतिनिधियों ने वार्ड 16 व 36 में बाउंड्रीवाल एवं वार्ड 29 में आरसीसी नाले के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। विकास कार्यों के निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, पार्षद दशरथ सिंह जाट, भीम बहादुर थापा, योगेश बर्डे, गणेश महस्की, महेन्द्र सिंह ठाकुर मौजूद रहे। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड 29 में नाले का निर्माण नहीं होने से वहां के लोग गंदे पानी की निकासी को लेकर परेशान थे। नगर पालिका ने यहां आरसीसी नाला निर्माण का प्रस्ताव रखा। विधिवत मंजूरी मिलने के बाद बुधवार को करीब 18 लाख की लागत से बनने वाले आरसीसी नाले कार्य का भूमिपूजन किया गया। इसी तरह वार्ड 16 व वार्ड 36 में रिक्त भूमि को कब्जे से बचाने के लिए उन पर बाउंड्रीवाल का भूमिपूजन किया गया। वार्ड 16 में 23 लाख एवं वार्ड 36 में 11 लाख से बाउंड्रीवाल का निर्माण किया जाएगा।

# अपर कलेक्टर वंदना जाट ने आमजनों को स्वगणना के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जनगणना 2027 के लिए जिला बैतूल में कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशन में अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती वंदना जाट द्वारा अपनी प्रत्यक्ष उपस्थिति में स्थानीय स्तर पर स्वगणना की व्यापक जानकारी मय स्टॉफ प्रदाय करके अधिकतम लोगों से स्वगणना करने की अपील की गई। जिला योजना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी नरेंद्र कुमार गौतम ने बताया कि जनगणना 2027 पूर्णतः डिजीटल जनगणना है एवं इसका आकर्षक पहलू स्वगणना सेल्फ इनूमिरेशन है। मध्यप्रदेश में 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक स्वगणना होगी। जिले में पुराने एवं नए कलेक्ट्रेट कार्यालय, बस स्टैंड के आसपास तथा स्थानीय स्तर पर स्थित कार्यालयों में जिला जनगणना कार्यालय द्वारा अभिनव डिजिटल पहल स्व-गणना करवाई गई। इस दौरान स्टॉफ को स्व-गणना के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें स्वयं गणना करने के लिए प्रेरित किया गया।




### आमजन को प्रेरित करने के लिए मार्गदर्शन

उक्त अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यालयों के स्टाफ को स्व-गणना के लाभ, इसकी सरल प्रक्रिया एवं समय की बचत के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। साथ ही मौके पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों को तकनीकी सहायता उपलब्ध कराते हुए स्व-गणना की प्रक्रिया का व्यवहारिक प्रदर्शन भी किया गया, जिससे अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। इस पहल का उद्देश्य जनगणना प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सुलभ एवं प्रभावी बनाना है, साथ ही डिजिटल माध्यम के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाना भी है। स्व-गणना को प्रोत्साहित करने के लिए अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती वंदना जाट मय स्टॉफ द्वारा आमजन को मार्गदर्शन प्रदान किया गया, ताकि अधिक से अधिक नागरिक इस अभिनव डिजिटल पहल से जुडक़र स्वयं अपनी गणना सुनिश्चित कर सकें।

# प्रगणकों और पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण का अंतिम सत्र 23 अप्रैल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जनगणना 2027 का सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण है। बैतूल कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के नेतृत्व और अपर कलेक्टर तथा जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती वंदना जाट की निगरानी में 23 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक तीन दिवसीय प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण 10 ग्रामीण चार्ज और 9 नगरीय चार्ज में आयोजित किया जाएगा। जिला योजना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी नरेन्द्र कुमार गौतम ने बताया कि जिले में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण अंतर्गत 30 बैचों में 10 ग्रामीण चार्ज तहसील-आमला, बैतूल, भैंसदेही, भीमपुर, घोड़ाडोंगरी, प्रभात पट्टन, मुलताई, शाहपुर, चिचोली एवं आठनेर में लगभग 730 प्रगणकों एवं 130 पर्यवेक्षकों एवं 09 नगरीय चार्ज क्रमशः बैतूल, आमला, मुलताई, सारनी नगर पालिका और आठनेर, घोड़ाडोंगरी, चिचोली, शाहपुर एवं भैंसदेही नगर परिषद के लगभग 310 प्रगणकों और 60 पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण सम्पन्न होगा। इसमें ज्ञात हो कि 6 प्रगणकों पर एक पर्यवेक्षक नियुक्त हैं। इस प्रकार कुल लगभग 1040 प्रगणक और 190 पर्यवेक्षक प्रशिक्षित होंगे।

### एचएलओ ऐप में 33 प्रश्नों के सटीक संकलन का प्रशिक्षण

10 ग्रामीण एवं 9 नगरीय चार्ज अधिकारियों के मार्गदर्शन में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 1040 प्रगणक एवं 190 पर्यवेक्षक सहभागी बनेंगे। इस प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को एचएलओ हाउस लिस्टिंग एप्लीकेशन के प्रभावी संचालन के साथ-साथ उसमें निर्धारित 33 महत्वपूर्ण प्रश्नों के सटीक एवं व्यवस्थित संकलन की तकनीक सिखाई जाएगी। चूंकि ये प्रश्न आम नागरिकों की घरेलू स्थिति एवं उपलब्ध संसाधनों से जुड़े हैं, इसलिए उनके संकलन में शुद्धता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु विशेष प्रशासनिक पद्धति अपनाई जा रही है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को प्रश्न पूछने की प्रभावी शैली, संवाद कौशल तथा ऐप में त्रुटिरहित डेटा प्रविष्टि की बारीकियों का व्यवहारिक अभ्यास कराया जाएगा, जिससे जनगणना कार्य अधिक सटीक एवं विश्वसनीय बन सके। उन्होंने बताया कि सभी 19 चार्ज अंतर्गत 30 बैचों में हो रहे इस प्रशिक्षण को जिले में प्रशिक्षित किए गए 64 फील्ड ट्रेनर्स देंगे।

मुलताई पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# 10 साल से फरार हत्या का आरोपी औरंगाबाद से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई



मुलताई के मासोद निवासी एक हत्या के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पिछले लगभग 10 वर्षों से फरार चल रहा था। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी इठोल कंगाले (42 वर्ष), पिता सोनसा कंगाले, निवासी ईटावा के विरुद्ध माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा सीआरए नंबर 1286/2012 में गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। यह वारंट थाना मुलताई को 18 अप्रैल 2023 को तामील हेतु प्राप्त हुआ था। बताया जा रहा है कि आरोपी हत्या के एक प्रकरण में सजा होने के बाद पैरोल पर बाहर आया था, लेकिन वापस नहीं लौटा और फरार हो गया। आरोपी बेहद शातिर किस्म का था और लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर था। मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई-आरोपी की तलाश के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी और मुखबिर तंत्र भी सक्रिय किया गया था। जैसे ही वारंट प्राप्त हुआ, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना पर महाराष्ट्र के औरंगाबाद में घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया।

प्रभातपट्टन क्षेत्र का सघन निरीक्षण, ग्रामीणों से सीधा संवाद कर सुनी समस्याएं

# विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई



जिले में विकास कार्यों की धीमी गति और लापरवाही पर सख्त रुख अपनाते हुए कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि योजनाओं को अनावश्यक रूप से लंबित रखने वाले अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने प्रभातपट्टन क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों का सघन दौरा कर शासकीय योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। ग्राम पंचायत घाट बिरौली में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम श्रम योगी मानधन योजना, संबल पंजीयन सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधूरे आवासों को जल्द पूर्ण कराने के निर्देश देते हुए कहा कि पात्र हितग्राहियों को किसी भी स्थिति में वंचित न रखा जाए। साथ ही श्रम योगी मानधन योजना का व्यापक प्रचार कर अधिक से अधिक लोगों का पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने शिकायत की कि पानी की टंकी बनने के बावजूद जल वितरण शुरू नहीं हुआ है।

### एक बगिया मां के नाम योजना का निरीक्षण

कलेक्टर ने हितग्राही पिंक बारस्कर के खेत में पहुंचकर एक बगिया मां के नाम योजना का निरीक्षण किया। उन्होंने पौधों की स्थिति, फेंसिंग और सिंचाई व्यवस्था का जायजा लेकर गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ऊर्जा विकास निगम की योजनाओं के तहत रूफटॉप सोलर पैनल लगाने के लिए प्रेरित किया, जिससे बिजली की खपत कम हो सके। इसके साथ ही पंचायतों का क्लस्टर बनाकर एकीकृत कचरा प्रबंधन प्रणाली विकसित करने के निर्देश भी दिए।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम



स्व. श्री महेश पचौरी जी

अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्यनीय स्व. श्री महेश पचौरी जी का स्वर्गवास गत 12 अप्रैल को हो गया है, जिनका श्रद्धांजलि कार्यक्रम 24 अप्रैल 2026 (शुक्रवार) को सायं 4.30 बजे रखा गया है। अतः ब्रह्मलीन आत्मा की शांति हेतु आपकी उपस्थिति प्राथनीय है।

-:: शोकाकुल ::-
कणिका - दिनेश शर्मा,
निमिषा - संजय द्विवेदी,
विपाशा मिश्रा, आशीष, तूलिका, गौरव,
उत्कर्ष व समस्त पचौरी परिवार

-:: शोक संतृप्त ::-
शकुंतला (धर्मपत्नी),
राजेंद्र, मोहन, संजय (भाई)
एवं समस्त परिवारजन

::कार्यक्रम स्थल::
श्री द्वारका लॉन, तिवारी पेट्रोल पंप के सामने, कालापाठा रोड, बैतूल

### लोकसभा में बिल पास नहीं होने पर निकाली आक्रोश पदयात्रा

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम रुकने पर मातृशक्तियों का फूटा गुस्सा

**मातृशक्ति को 33 फीसदी आरक्षण देने के उद्देश्य से लाए गए नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2026 की राह में रोड़ा बनने वाले महिला विरोधी विपक्ष (इंडी अलायंस ) के खिलाफ जन आक्रोश महिला पदयात्रा निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नारी शक्ति मंच नर्मदापुरम की मातृशक्तियों ने बुधवार दोपहर में हरियाली चौक आईटीआई में मातृशक्ति को 33 फीसदी आरक्षण देने के उद्देश्य से लाए गए नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2026 की राह में रोड़ा बनने वाले महिला विरोधी विपक्ष (इंडी अलायंस ) के खिलाफ जन आक्रोश महिला पदयात्रा निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में युवतीयां और



महिलाओं शामिल हुई। सभी ने एक स्वर में विपक्षी पार्टियों के खिलाफ नारेबाजी की एवं नारी शक्ति बिल फेल होने के विरोध में जन आक्रोश पद यात्रा निकाली। हरियाली चौक के पास महिलाएं एकत्र हुई यहां महिलाओं ने इंडी गठबंधन को जमकर कोसा। पहले आईएनडीआई गठबंधन के खिलाफ नारेबाजी कर पुतला जलाया। फिर हाथों में तख्तियां लेकर सभी महिलाओं ने पदयात्रा निकाली। केंद्र सरकार द्वारा मातृशक्ति को राजनीति में 33 प्रतिशत आरक्षण देने के उद्देश्य से लाए गए 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2026' का विरोध करने वाले विपक्षी दलों के खिलाफ यह प्रदर्शन हुआ। इस 'जन आक्रोश महिला पदयात्रा' के जरिए महिलाओं ने विपक्षी गठबंधन के खिलाफ अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया।प्रदर्शन में शामिल भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने कहा प्रधानमंत्री द्वारा पेश किया बिल महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम था लेकिन विपक्ष इस राह में रोड़ा अटकाकर अपनी महिला विरोधी मानसिकता का परिचय दे रहा है। देश की मातृशक्ति अब जागरूक हो चुकी है और अपने अधिकारों के हनन को बर्दाश्त नहीं करेगी। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने विपक्षी दलों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

महिलाओं ने विपक्षी गठबंधन के पुतले पर चप्पलें भी बरसाईं, फिर पुतले को आग के हवाले कर दिया। प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शन के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला, नपाध्यक्ष नीतू यादव, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अर्चना पुरोहित ,ज्योति चौरे, वंदना दुबे, नीरजा फौजदार, चंचल राजपूत, रजनी यादव , ज्योति रैकवार , प्रेमा पांडे , रोमा नारोलिया, वर्षा भंडारी, हीरामणि भावसार, जयबाला निगम सहित भाजपा झुझोप्र प्रदेश संयोजक अखिलेश खंडेलवाल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष दीपक महालहा , प्रशांत दीक्षित, भाजयुमो आईटी सहप्रभारी धर्मेंद्र राठौड़ , भाजपा मंडल अध्यक्ष रुपेश राजपूत, भाजपा पूर्व नगरमंत्री मनीष परदेशी ,भाजयुमो मंडल अध्यक्ष सुंदरम अग्रवाल , नंदकिशोर यादव , सुमित गौर, विशाल दीवान, दीपक हेमनानी , राजेश रैकवार, कमल चव्हाण, रहमान खान, दुर्गेश मिश्रा , प्रवेश सोनी, कृतिक शिवहरे, सागर संतोरे सहित कई महिलाएं और युवतियां शामिल रही।

## संगठन की कार्यकारिणी बैठक हुई संपन्न विस क्षेत्र में आगामी रणनीतियों पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



बुधवार को सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले माखननगर, आरी, रामपुर, सेमरी हरचंद, सोहागपुर एवं शोभापुर क्षेत्रों के संगठन की एक महत्वपूर्ण कार्यकारिणी बैठक माखन नगर एवं सोहागपुर विधायक कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में संगठन को सशक्त बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में नर्मदापुरम के नवनियुक्त प्रभारी अलकेश आर्य, जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला, बीजेपी उपाध्यक्ष निखिलेश चतुर्वेदी, सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष विपिन यादव, मनीष चतुर्वेदी, योगेश मालवीय, अश्विनी सरोज, प्रदीप ठाकुर सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं संगठन के अन्य सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर क्षेत्र के विकास एवं जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक में यह संकल्प लिया गया।

## शराब के नशे में युवक ने पीया जहरीला पदार्थ जिला अस्पताल रेफर किया, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर थाना क्षेत्रांतर्गत एक युवक ने मंगलवार शाम शराब समझकर जहरीला पदार्थ पी लिया, जिससे उसकी हालत खराब हो गई है। गंभीर हालत में युवक को सोहागपुर से नर्मदापुरम जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सोहागपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी अनुसार शासकीय अस्पताल सोहागपुर से प्राप्त मेमो की जांच की। जिसके अनुसार अरुण पिता बसंत उईके उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम घोघरी थाना सोहागपुर को अज्ञात विषैला पदार्थ खाने के कारण इलाज के लिये सोहागपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था। जांच में पाया गया कि मंगलवार अपरान्ह अरुण खेत में मूंग की फसल में पानी देने तथा दवाई सींचने गया था। वह साथ में कच्ची शराब की दो बोतल पीने के लिये ले गया था। अरुण के कथन के अनुसार उसने खेत में बैठकर सोचा कि दवाई सींचने के पहले शराब पी लेता हूं। शराब का नशा अधिक हो जाने के कारण शराब की बोतल की जगह उसने समीप रखी इल्ली मारने का कीटनाशक की बोतल उठाकर नशे में पी ली। जब लगा कि गलती से मूंग में फेंकने वाली पीली तो उल्टी की। साथ ही उसने मदद के लिए परिवार वालों को पुकारा। अधिक तबियत खराब होने से परिजन अरुण को मंगलवार शाम सवा पांच बजे सरकारी अस्पताल सोहागपुर लेकर आए। जहां गंभीर हालत होने से इलाज के लिये देर शाम अरुण उईके को नर्मदापुरम जिला अस्पताल भेजा गया है।

## युवा कांग्रेस का वार्ड-वार्ड चलो अभियान' जारी सुनी समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर में आमजन की जमीनी समस्याओं को जानने और उनके समाधान के उद्देश्य से युवा कांग्रेस द्वारा 'वार्ड-वार्ड चलो अभियान' चलाया जा रहा है। पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल के नेतृत्व में निकाला जा रहा यह अभियान अब शहर के वार्ड क्रमांक 17 में पहुंच गया है। यहां अभियान के तहत कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जनता से सीधा संवाद किया और उनकी परेशानियां जानीं। वार्ड 17 के इस सघन जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल के साथ युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सौम्य दुबे, जिला उपाध्यक्ष गौरव चौधरी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोल्डी बैस, पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष पंकज राठौर, पार्षद संजय ठाकुर, जिला सेवादल अध्यक्ष अमित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## बिगड़ती जा रही सोहागपुर की पहचान, बन रहा जाम वाला शहर, नहीं हो रहा स्थाई समाधान





हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

पान और सुराही के लिए मशहूर रहे सोहागपुर शहर की पहचान अब जाम वाले शहर के रूप में हो रही है। स्टेट हाईवे के किनारे लगाई जाने वाली अस्थाई दुकानों के कारण दिन में दर्जनों बार हाईवे पर जाम लगा आम बात हो चुकी है। इससे नागरिक परेशान होते हैं।

शहर के अधिकतर मैरिज गार्डन स्टेट हाईवे पर ही स्थित हैं। शादियों के सीजन में जब यहां से बारातें निकलती हैं या पहुंचती हैं, तो देर रात तक स्टेट हाईवे पर जाम लगता है। जिससे क्षेत्रवासियों व वाहनों में सवार बाहरी लोगों को बहुत अधिक परेशानी भोगनी पड़ती है।

मुख्य बाजार के अंदरुनी मार्ग पर भी प्रतिदिन जाम अनिवार्य हो चुका है। लोडिंग वाहनों को घंटों मुख्य मार्ग पर खड़ाकर सामग्री उतारी जाती है। जिसके कारण दिन में दर्जनों बार बाजार में जाम की स्थिति बनती है।

## महिला ने लगाया फांसी का फंदाः सूदखोरों से परेशान होकर जनसुनवाई में सांकेतिक आत्महत्या का प्रयास

**सीहोर।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट जनसुनवाई के दौरान सूदखोरों से परेशान एक महिला ने सांकेतिक फांसी लगाकर विरोध दर्ज कराया। गंगा आश्रम निवासी ज्योति बेस ने कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार के सामने आम के पेड़ पर रस्सी का फंदा डालकर आत्महत्या का प्रयास किया, जिसे मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत रोक लिया।

घटना के बाद सुरक्षाकर्मियों ने ज्योति को सुरक्षित जनसुनवाई सभागार में पहुंचाया। यहां तहसीलदार अमित सिंह ने उन्हें सीएसपी से मिलकर शिकायत रखने की सलाह दी।

ज्योति बेस का आरोप है कि फॉरेस्ट कॉलोनी के सूदखोरों ने उनके पति रुद्र प्रताप को कर्ज के जाल में फंसा लिया। पहले 2.5 प्रतिशत ब्याज पर पैसा दिया गया,




जिसे बाद में बढ़ाकर 10 से 20 प्रतिशत कर दिया गया। महिला के अनुसार, 10 लाख रुपए के बदले वे अब तक करीब 60 लाख रुपए चुका चुके हैं।

**पति ने जहर खाया, भोपाल में चल रहा इलाज :** सूदखोरी से परेशान होकर उनके पति ने कीटनाशक जहर खा लिया। वर्तमान में उनका इलाज भोपाल के एक अस्पताल में चल रहा है। पीड़िता ने बताया कि ब्याज चुकाने के लिए उनका मकान और गहने तक बेचने पड़े। अब परिवार किराए के मकान में रह रहा है और आर्थिक तंगी के चलते बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो गई है।

**धमकियों का आरोप, कार्रवाई नहीं होने से नाराजगीः** ज्योति का कहना है कि सूदखोर लगातार उन्हें और उनकी मदद करने वालों को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने कलेक्टर, एसपी, एसडीएम, तहसीलदार, सीएसपी और कोतवाली टीआई सहित सभी अधिकारियों को शिकायत दी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। महिला ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द न्याय नहीं मिला, तो वे कलेक्ट्रेट में वास्तविक फांसी लगाकर आत्महत्या करेंगी।

## वलसाड-दुर्गापुर के बीच स्पेशल ट्रेन की घोषणा

**इटारसी।** भारतीय रेलवे ने 2026 के ग्रीष्मकाल में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए वलसाड-दुर्गापुर-वलसाड के बीच विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। गाड़ी संख्या 09143/09144 पश्चिम मध्य रेल के इटारसी सहित अन्य प्रमुख स्टेशनों से होकर गुजरेगी, जिससे लंबी दूरी के यात्रियों को सुगम और सुविधाजनक यात्रा का विकल्प मिलेगा। गाड़ी संख्या 09143 वलसाड से 25 अप्रैल को दोपहर में रवाना होकर अगले दिन मध्यरात्रि 02 बजे इटारसी और सुबह 05:30 बजे जबलपुर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 09144 दुर्गापुर से 27 अप्रैल को सुबह रवाना होकर रात में सतना, कटनी और अगले दिन तड़के जबलपुर व इटारसी होते हुए शाम को वलसाड़ पहुंचेगी। इस ट्रेन में यात्रियों की सुविधा के लिए कुल 22 कोच लगाए हैं, जिनमें 04 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 12 शयनयान श्रेणी और 04 सामान्य श्रेणी के कोच शामिल हैं।

## एसडीएम विजय राय की त्वरित पहल से 20 वर्ष पुरानी समस्या का समाधान, जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

क्षेत्रीय नागरिकों की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एसडीएम विजय राय ने एक जटिल और लंबे समय से लंबित मामले में त्वरित कार्रवाई कर एक परिवार को बड़ी राहत दिलाई है। उनके हस्तक्षेप से करीब 20 वर्षों से दस्तावेजी अड़चनों में उलझे परिवार को जाति प्रमाण पत्र प्राप्त हो सका, जिससे बच्चों की शिक्षा का मार्ग प्रशस्त हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम अर्चनागांव के मूल निवासी बिशन सिंह मर्सकोले लगभग 20 वर्ष पूर्व रोजगार की तलाश में अपना पैतृक गांव छोड़कर तहसील टिमरनी के ग्राम दूधकच्छ में जाकर निवास करने लगे थे। लंबे समय तक मूल



निवास स्थान से दूर रहने के कारण उन्हें आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में जाति प्रमाण पत्र बनवाने में लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

मामले की गंभीरता तब सामने आई जब यह जानकारी मिली कि जाति प्रमाण पत्र न होने के कारण बिशन सिंह मर्सकोले के बच्चों को विद्यालय में प्रवेश लेने में कठिनाई हो रही थी। इससे बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही थी और परिवार चिंता में था। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम विजय राय ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी बच्चे की शिक्षा तकनीकी कारणों से बाधित नहीं होनी चाहिए। उनके मार्गदर्शन में राजस्व अमले ने त्वरित जांच कर आवश्यक अभिलेखों एवं साक्ष्यों का मिलान किया।

## इटारसी में एफसीआई गोदाम पर 16 ट्रक गेहूं किया रिजेक्ट

### अधिकारी बोले... मिट्टी अधिक होने के कारण गेहू लौटाया, साफ गेहूं लाने के लिए कहा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र की लगभग 14 खरीदी केंद्र पर समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की जा रही है। सेवा सहकारी समिति के माध्यम से 16 ट्रक गेहूं के एफ सी आई गोदाम इटारसी भेजे गए थे। लेकिन गुणवत्ता की जांच में ट्रक फेल कर दिए गए। ललित पाटीदार एफ अ सी आई गोदाम प्रभारी के द्वारा मिट्टी अधिक होने का कहकर 16गाडी रिजेक्ट कर दी गई है।

समिति द्वारा बताया शासन द्वारा गंभीरता से किसानों के हित में काम करगया कि एक गाड़ी को भेजने में लगभग 35हजार का खर्च आता है। ट्रक फेल होने से शासन को भारी मात्रा में आर्थिक रूप से नुक्सान का अनुमान है।जो सेवा सहकारी समिति के कमीशन से राशि काटी



जाती है। जिनका नुक्सान समिति को होता है।जब तक गेहूं एफ सी आई गोदाम में जमा नहीं किया गया। तब तक किसानों को भुगतान नहीं किया जा सकता है।सुत्रो से प्राप्त जानकारी अनुसार क्रषक सेवा सहकारी समिति सांडियासे4 ट्रक गेहूं भरकर भेजे गए थे। लेकिन मिट्टी अधिक होने का कहकर गाड़ी वापस कर दी।इसी तरह से अनेकानेक अनमितताए प्रतीत हो रही है। सेवा सहकारी समिति देवगांव की 4गाडी धनाश्री की 4गाडी गाड़ाघाट सेवा सहकारी समिति की 4गाडी रिजेक्ट कर वापस कर दी गई है। जिसके कारण किसानों के भुगतान अटके हुए हैं। इस विषय पर सीईओ सहकारिता विभाग के मुकुंद बैसकर से चर्चा की तो उन्होंने कहा कि एफ सी आई गोदाम प्रभारी से चर्चा की तो उन्होंने कहा कि मिट्टी अधिक होने पर ही गाड़ी वापस की है। सीईओ ने कहा है कि बस कंपनी से कर्मचारी भेजकर समिति परिसर में खरीदी देख कर समझाइश दे सकते हैं।तब ललित पाटीदार ने बताया कि एक ही कर्मचारी तैनात हैं। अतः शासन द्वारा जो सर्वेयर नियुक्त किए गए हैं। उनके लिए ही ध्यान देना है।

सर्वेयर खापरखेड़ा सेवा सहकारी समिति के पास कोई मापदंड यंत्र नहीं है। रुपसिंह पटेल गोदानी वेयरहाउस में पदस्थ हैं माधव वेयरहाउस खापरखेड़ा मे सर्वेयर क्रषणकांत पटेल शासन द्वारा जारी किए वगैर ही खरीदी की जा रही है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान खाद्य अधिकारी ने बताया कि खरीदी बंद नहीं कर सकते। शासन के नियमानुसार खरीदी करें।

### इटारसी और सोहागपुर में दसनाम गोस्वामी समाज ने निकाली विशाल शोभायात्रा

# श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया आदि गुरु शंकराचार्य जयंती महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर शहर में बुधवार को आद्य गुरु शंकराचार्य जयंती महोत्सव 2026 आयोजित किया गया। जिसमें समाज के नागरिक बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए तथा शोभायात्रा निकाली।

दशनाम गोस्वामी समाज से प्राप्त जानकारी अनुसार बुधवार को वैशाख शुक्ल पक्ष पंचमी पर आद्य गुरु शंकराचार्य जयंती महोत्सव 2026 आयोजित किया गया। दशनाम गोस्वामी समाज के अनुसार यह आयोजन पहली बार सोहागपुर में किया जा गया है। जिसमें बुधवार 22 अप्रैल को प्रातः 10 बजे दशनाम गोस्वामी समाज



सोहागपुर की ओर से मुख्य बाजार स्थित माता काली मंदिर से भव्य चल समारोह निकाला गया। चल समारोह पुराना अस्पताल रोड, बिहारी चौक, कमानिया गेट रोड, श्रीराम चौक तथा स्टेट हाईवे होते हुए मंचीय आयोजन स्थल पहुंची। जहां मंचीय आयोजन दौरान वक्ताओं ने समाज की एकजुटता एवं सनातन धर्म की रक्षार्थ कार्य करने की बात कही। इस दौरान समाज की प्रतिभाओं का सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया तथा परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले समाज के विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया।

आयोजन के अंत में भंडारा तथा प्रसादी वितरण किया गया। आयोजन में दशनाम गोस्वामी समाज सोहागपुर के समस्त वरिष्ठजन, पुरुष, महिला एवं युवक-युवतियां सम्मिलित हुए। सभी ने एक निश्चित गणवेश धारण की। जिसमें पुरुष वर्ग ने भगवा कुर्ता पजामा व महिलाओं ने गुलाबी एवं लाल परिधान धारण किए। समस्त क्षेत्रवासियों ने दशनाम गोस्वामी समाज को आद्य गुरु शंकराचार्य जन्मोत्सव पर्व की बधाई दी है।

### इटारसी में निकाली गई शोभायात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत

**इटारसी।** नगर के दसनाम गोस्वामी समाज ने आदि गुरु शंकराचार्य जयंती महोत्सव बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और गरिमामयी वातावरण में मनाया। इस उपलक्ष्य में शोभायात्रा निकाली और मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान कर समाज की एकता का संकल्प लिया गया।

महोत्सव का शुभारंभ द्वारिकाधीश बड़े मंदिर से शोभायात्रा के साथ हुआ। यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों—सराफा, नीमवाड़ा और जयस्तंभ चौक से होती हुई ऑडिटोरियम पहुंची। शोभायात्रा में समाज की मातृशक्ति, युवा और वरिष्ठजन बड़ी संख्या में शामिल हुए, जिससे पूरा मार्ग भक्तिमय हो गया। ऑडिटोरियम में आदि गुरु शंकराचार्य के चित्र पर माल्यार्पण, विशेष पूजन और आरती के साथ मुख्य कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

कार्यक्रम में संत नित्यानंद महाराज पतलाई मठ और कमल गिरी महाराज इंदौर की उपस्थिति रही। संतों ने



अपने आशीर्वचन में समाज को शिक्षा, संस्कार और संगठन के महत्व को समझाते हुए सनातन धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर समाज के उन प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया, जिन्होंने कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए हैं। समारोह में भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने भी विचार व्यक्त किए।

## ग्लोबल वार्मिंग जैव जगत के लिए गंभीर खतरा

**इटारसी।** शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा बुधवार को पृथ्वी दिवस पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण, वैश्विक तापन और जैव विविधता को बचाने के संकल्प के साथ विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता एवं प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान में पृथ्वी का बढ़ता तापमान पूरी मानवता के लिए चुनौती है। उन्होंने कहा कि ग्लेशियरों का पिघलना और मौसम चक्र में आ रहा बदलाव प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन का परिणाम है। डॉ. मेहता ने कार्बन फुट प्रिंट को कम करने, नदियों के संरक्षण, नियोजित शहरीकरण और जैविक खेती को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया। गणित विभाग की डॉ. रश्मि तिवारी ने विद्यार्थियों को इस दिवस के इतिहास से अवगत कराया।

### सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में खराब प्रदर्शन पर कार्रवाई

# एसडीएम टिमरनी, तहसीलदार व नायब तहसीलदार रहटगांव का 7 दिन का वेतन रोका




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने आमजन से जुड़ी शिकायतों के निराकरण के लिये सरकार के सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का अधिकारियों द्वारा उचित निराकरण नहीं किये जाने पर गंभीर आपत्ति व्यक्त की है। उन्होने दर्ज शिकायतों के निराकरण में खराब प्रदर्शन पाये जाने पर एसडीएम टिमरनी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार रहटगांव का एक सप्ताह का वेतन रोकने के निर्देश दिये हैं। इसी तरह हरदा एवं खिरकिया जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के प्रदर्शन को भी संतोषजनक नहीं माना गया है। सोमवार को आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री जैन का दो टूक कहना था कि यदि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का उचित निराकरण नहीं किया जाता है, तो फिर यह गंभीर प्रश्न चिन्ह है कि आम आदमी अपनी शिकायतें लेकर कहाँ जाए। उन्होने अधिकारियों को सख्त लहजे मे चेतावनी दी कि वे प्रत्येक शिकायत की गहराई तक जाएं एवं उसका समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें।

बैठक में कलेक्टर ने बताया कि विगत दिनों भ्रमण के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा जिले को एक फायर ब्रिगेड उपलब्ध कराने की घोषणा पर शासन द्वारा अमल किया गया है। इसके तहत जिले को एक और फायर ब्रिगेड की स्वीकृति मिल गई है। बैठक में कलेक्टर ने नगरीय क्षेत्रों में प्लास्टिक के उपयोग पर सख्ती से प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिये। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में हाट बाजारों में प्लास्टिक का कचरा फैलाने वालों पर रोक लगाने के लिये सौर ऊर्जा चलित सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिये मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आदेशित किया। बैठक में उन्होने हरदा के बस स्टेण्ड पर मुसाफिरों के लिये छाया एवं पानी के समुचित प्रबन्ध करने के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देश दिये। बार-बार निर्देशों के बावजूद नगरीय क्षेत्रों में दुकानदारों एवं स्ट्रीट वेंडर्स द्वारा डस्टबिन नहीं रखे जाने पर कलेक्टर ने कहा कि इस दिशा में कार्यवाहीं नहीं होने पर संबंधित मुख्य नगरपालिका अधिकारी जिम्मेदार होंगे। हरदा नगरीय क्षेत्र में खाली पड़े प्लाटों पर कचरा फैकने की निरन्तर आ रही शिकायतों के दृष्टिगत कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमलेश पाटीदार को निर्देशित किया कि इस तरह के कचरा फैकने वालों पर जुर्माना लगाएं। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नगरीय क्षेत्रों के मकानों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित नहीं किये जाने पर भी कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होने कहा कि संबंधित अनुविभागीय राजस्व अधिकारी मकानों पर वाटर हार्वेस्टिंग लगाने की व्यवस्था का निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने स्कूलों में पानी की टंकियों की नियमित सफाई पर भी बैठक में जोर दिया। उन्होने कहा कि प्रत्येक टंकी पर सफाई की दिनांक भी अंकित करवाई जाए। बैठक में फार्मर रजिस्ट्री, राजस्व वसूली, सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा एवं संकल्प से समाधान योजना की भी कलेक्टर द्वारा साप्ताहिक समीक्षा की गई।

#### जनगणना में करें स्वगणना

बैठक में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सभी अधिकारी कर्मचारियों से जनगणना 2027 अंतर्गत 30 अप्रैल तक की जा रही स्वगणना में रुचि लेकर ऑनलाइन स्वगणना करने की अपील की। उन्होने कहा कि विभागों से संबंधित जनप्रतिनिधियों से भी स्वगणना करवाई जाए। इसके अलावा उपार्जन केन्द्रों पर आ रही किसानों से भी उपार्जन केन्द्रों पर स्वगणना करवा ली जाए। साथ ही विभिन्न विभागों के सम्पर्क में आने वाले नागरिकों को भी स्वगणना के लिये प्रेरित किया जाए। बैठक में अधिकारियों को स्वगणना करने का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। इस दौरान जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन, अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय एवं रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा अशोक कुमार डेहरिया, एसडीएम टिमरनी संजीव नागू सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए

# आधुनिक स्वास्थ्य और आधुनिक हरदा की थीम पर होगा जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कहा कि जिले में आधुनिक स्वास्थ्य और आधुनिक हरदा की थीम पर स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार किया जाएगा। कलेक्टर जैन ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में बताया कि जिले में दो आधुनिक टेक्नालॉजी से सुसज्जित एम्बुलेंस तथा 6 आधुनिक चिकित्सा मशीनें उपलब्ध कराई गई है, जिससे स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार हुआ है।

बैठक में कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय परिसर में स्मार्ट कैमरे लगाने तथा साफ-सफाई व्यवस्था हेतु रोगी कल्याण समिति के माध्यम से आधुनिक मशीनें क्रय करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिये कि गर्भावस्था के दौरान की जा रही 4 जांचों की जानकारी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपडेट करें। जिन क्षेत्रों में जानकारी अपडेट करने में समस्या आ रही है, वहां बीएमओ स्वयं जाकर वस्तु स्थिति की जानकारी लें। उप स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर रक्त अल्पता वाली गर्भवती महिलाओं को आयरन सुक्रोज के डोज लगाये जाएं। उन्होने कहा कि जिन महिलाओं में रक्त की मात्रा अत्यधिक कम है, उन्हें शतप्रतिशत ब्लड ट्रांसफ्युजन कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने टीकाकरण की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि सभी अधिकारी टीकाकरण की सही जानकारी पोर्टल पर समय पर दर्ज कराना सुनिश्चित करें। जो अधिकारी अथवा कर्मचारी समय पर डाटा अपडेट नहीं करेंगे, उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होने कहा कि अधिकारी आभा आईडी का डेटा रिव्यु करें। साथ ही स्कूल के विद्यार्थियों की आँखों की जांच कर निःशुल्क चश्मा वितरित करें। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कमलेश गौड़, जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी, जिला आयुष अधिकारी डॉ. अनिल वर्मा, तीनों विकासखण्डों के प्रमुख खण्ड चिकित्सा अधिकारी, कार्यक्रम नोडल अधिकारी सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 5996 बालिकाओं का टीकाकरण

**हरदा।** सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए बुधवार 22 अप्रैल तक जिले में कुल 5996 बालिकाओं को टीकाकरण किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि हरदा में 1042, टिमरनी में 1188, खिरकिया में 1162, सिराली में 527, रहटगांव में 600, हंडिया में 1477 बालिकाओं का टीकाकरण किया जा चुका है। इस प्रकार जिले में कुल 6715 के लक्ष्य विरूद्ध 5996 कुल 89.29 प्रतिशत बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण किया गया। डॉ. सिंह ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर ह्यूमन पैपिलोमा वायरस एचपीवी से होता है। एचपीवी टीका एक सुरक्षित और प्रभावी टीका है जो कैंसर से बचाने में मदद करता है। यह टीका जिला चिकित्सालय हरदा तथा टिमरनी, सिराली, खिरकिया व हंडिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा रहटगांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में निशुल्क लगाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सिंह ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि ऐसी बालिकाएं जिनकी आयु 14 वर्ष तथा 15 वर्ष 3 माह तक की है वे अपनी बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण अवश्य करवाएं एवं बेटियों का भविष्य सुरक्षित बनाएं।




### पुलिस की गांजा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

# 2 किलो गांजा के साथ 2 आरोपी को गिरफ्तार किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने अवैध गांजा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 2 किलो से अधिक गांजा, एक कार सहित अन्य सामग्री जब्त की है, जिसकी कुल कीमत करीब 8.30 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस को मुखबिर से ग्राम रन्हाई में गांजे के अवैध कारोबार की सूचना मिली थी। इस पर पुलिस ने दबिश देकर ग्राम रन्हाई निवासी अखिलेश पिता रामकृष्ण पटवारे (45) को पकड़ा। उसके पास से 1 किलो 71 ग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी कीमत करीब 15 हजार रुपए बताई गई है।

एसडीओपी शालिनी परस्ते के अनुसार, आरोपी अखिलेश से पूछताछ में उसने बताया कि वह गांजा नर्मदापुरम जिले के शिवपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अर्चनागांव निवासी संतोष पिता भारतसिंह कीर (34) से खरीदकर लाया था। पुलिस ने जानकारी के आधार पर अबगांवखुर्द के पास फोरलेन रोड पर घेराबंदी कर संतोष कीर को उसकी कार सहित पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 1 किलो 138 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार, संतोष के खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है।

### हरदा में का 51वां सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

# बुंदेलखंडी कुर्मी गौर समाज के 13 जोड़े परिणय बंधन में बंधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा




बुंदेलखंडी कुर्मी गौर समाज संगठन, जिला हरदा के तत्वावधान में आयोजित 51वें सामूहिक विवाह सम्मेलन में 13 जोड़े विधिवत विवाह बंधन में बंधे। जिला मुख्यालय स्थित समाज के छात्रावास परिसर में आयोजित इस भव्य समारोह में समाज के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में समाजजनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद गौर एवं विवाह समिति के अध्यक्ष राधेश्याम गौर ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह जैसे आयोजन सामाजिक एकता, सहयोग और सादगी का प्रतीक हैं, जो समाज को नई दिशा देते हैं। इस अवसर पर वक्ताओं ने सामूहिक विवाह के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ऐसे आयोजन सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने में सहायक होते हैं। सामूहिक विवाह से विवाह में होने वाले अनावश्यक खर्चों में कमी आती है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बड़ी राहत मिलती है। इसके साथ ही दहेज प्रथा जैसी कुप्रथाओं पर भी अंकुश लगता है और समाज में समानता एवं सद्भाव की भावना मजबूत होती है। सामूहिक विवाह सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हुए समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर लाने का कार्य करता है। आयोजन की सफलता में विवाह समिति, संरक्षक मंडल एवं जिला संगठन के मार्गदर्शन में विभिन्न समितियों ने अपनी जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया। नगर इकाई हरदा द्वारा पार्किंग, भोजन व्यवस्था एवं समग्र प्रबंधन संभाला गया। निर्माण समिति ने आवागमन की व्यवस्था सुचारू रखी, वहीं छात्रावास समिति ने कार्यक्रम की सुव्यवस्थित कार्ययोजना सुनिश्चित की। युवा वाहिनी ने आकर्षक मंडप सज्जा की, जबकि ग्राम इकाई बरखेड़ी के युवा संगठन ने शीतल जल की व्यवस्था की। डायमंड परिवार द्वारा उत्कृष्ट भोजन काउंटर सेवा प्रदान की गई।

#### हजारों का दान मिला

आयोजन में विशेष सहयोग के लिए 51 हजार रुपये की राशि विवाह समिति के पूर्व अध्यक्ष लवकुश गौर और जयनारायण ढुलिया ने 21 हजार रुपये की राशि दान में दी। इसके साथ ही शिक्षक जगदीश गौर की ओर से एक कन्या की राशि 12 हजार 500 रुपये की राशि जमा कराई। पार्किंग व्यवस्था में ग्राम वालागांव के ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों के द्वारा पार्किंग की व्यवस्था संभाली गई। समाज के सभी पदाधिकारियों, ग्राम इकाइयों के प्रतिनिधियों, माताओं-बहनों और युवा साथियों के सहयोग से यह आयोजन ऐतिहासिक एवं सफल रहा। जिला संगठन हरदा की ओर से सभी सहयोगियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया गया।

### बालक-बालिकाओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया

# परशुराम जन्मोत्सव के तहत टैलेंट शो में बालक-बालिकाओं ने प्रतिभा दिखाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

सर्व ब्राह्मण समाज संगठन की महिला इकाई ने मंगलवार को पांच दिवसीय परशुराम जन्मोत्सव के तहत एक टैलेंट शो का आयोजन किया। स्थानीय बाविसा ब्राह्मण समाज धर्मशाला में दोपहर 3 बजे से आयोजित इस कार्यक्रम में 13 वर्ष तक के बालक-बालिकाओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य कार्यकारिणी के पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। महिला अध्यक्ष विनीता राजोरिया ने स्वागत उद्बोधन दिया, जबकि सचिव अदिति गुरु ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। इस दौरान बच्चों ने गायन, वादन, नृत्य और मिमिक्री जैसी विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर पुरस्कार भी वितरित किए गए। महिला संगठन ने कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ महिला सदस्यों का सम्मान कर उनका आशीर्वाद लिया। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में टिमरनी से गीता गद्रे, उपप्राचार्य निशा तिवारी और स्वाति जपे शामिल थीं। कार्यक्रम का संचालन




अश्लेषा शुक्ला ने किया और अंत में अदिति गुरु ने आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे उपस्थित रहे। टैलेंट शो में 1 से 6 वर्ष आयु वर्ग के नृत्य प्रतियोगिता में वैदिक शर्मा ने प्रथम, अद्विक शर्मा ने द्वितीय और गौरांश तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी आयु वर्ग की गायन प्रतियोगिता में शिवाय शुक्ला प्रथम, अनायका शर्मा द्वितीय और अवन्या पंडित तृतीय स्थान पर रहीं। 7 से 13 वर्ष आयु वर्ग की नृत्य प्रतियोगिता में आदित्री शर्मा ने पहला, स्वस्तिका शर्मा ने दूसरा और काव्यांश जैसानी ने तीसरा स्थान हासिल किया। वादन प्रतियोगिता में आरंभ भट्ट ने प्रथम, वत्सल पाराशर ने द्वितीय और अदम्य शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ऐतिहासिक एवं धार्मिक किरदारों पर आधारित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें 1 से 6 वर्ष आयु वर्ग में शिवाय शुक्ला प्रथम, शिवायु त्यागी द्वितीय और अनायका शर्मा तृतीय रहे। वहीं, 7 से 13 वर्ष आयु वर्ग में शिवांसी तिवारी ने पहला, लक्ष्य शुक्ला ने दूसरा और पूर्णिमा डाले ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### नौ दिवसीय गणगौर उत्सव का समापन

# नम आंखों से मां रनु बाई व धनिया राजा की विदाई की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

नौ दिवसीय गणगौर उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस बार ग्राम में संतोष गौर के यहां पर मां पावनी आई हुई थी। नौ दिनों तक उत्साह पूर्वक उत्सव मनाया गया और अंतिम दिन नम आंखों से मां रनु बाई एवं धनिया राजा की विदाई की गई।

इस बार एक दिन के लिए माता रानी का रथ क्षेत्रीय निवासी दिलीप गौर केमैया के यहां पर रोका गया था। इसलिए मां रनु बाई की विदाई एक दिन बाद की गई। माता रानी के भक्तों ने उत्सव का खूब आनंद लिया। भजनों का दौर देर रात तक चलता रहा महिलाओं की भजन मंडली ने गांव के आम के पेड़ के नीचे खूब पाती खेली। अंतिम दिवस मां के भक्तों ने रनु बाई को विदाई गीत सुनाए। रनू बाई एवं धनिया राजा की प्रतिमाओं और जवारो का शोभायात्रा गांव में निकाली गई। वही मां गणगौर मैया के अंतिम दिन देर रात्रि तक भजन मंडलियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। यह इनामी भजन प्रतियोगिता थी। रनु बाई को नम आंखों से विदा किया गया। स्थानीय अजनाल नदी विधि विधान से पूजन कर यह विसर्जन किया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार 21 हजार 111 श्री गुरु दरबार गणगौर मंडल (कुडाबा) ने जीता। जबकि द्वितीय पुरस्कार 15 हजार 111 मां काली गणगौर मंडल पिपल्या मित्र मिलन गणगौर मंडल, रहटगांव, एवं तृतीय पुरस्कार 11 हजार 111 श्री सत्यसाई गणगौर मंडल (गुंरज घाट) ने जीता।

# सीवन के लिए 'पुत्र-पुत्रियों' ने मैदान संभाला, मन में जिद लिए जीवनदायिनी को बचाने बहा रहे पसीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

आज जब पूरी दुनिया विश्व पृथ्वी दिवस मना रही है और पर्यावरण संरक्षण की बड़ी-बड़ी कसमें खाई जा रही हैं, तब सीहोर शहर की पहचान और यहां की जीवनदायिनी 'सीवन नदी' अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। कभी निर्मल जल के लिए जानी जाने वाली यह नदी आज गंदगी, सीवेज और प्रशासनिक उदासीनता के कारण एक नाले में तब्दील होती जा रही है। बता दें जहां सरकारी तंत्र मौन है, वहीं शहर के जागरूक युवाओं की टोली 'सीवन पुत्र-पुत्रियों' के नाम से उम्मीद की किरण बनकर उभरी है। ये युवा अपनी मेहनत और जनसहयोग से नदी में छाई जलकुंभी को हटाने का भगीरथ प्रयास कर रहे हैं। बिना किसी आधुनिक मशीनरी के तपती दोपहर और कड़ी धूप में ये युवा नदी को साफ करने में जुटे हैं। विडम्बना देखिए कि इन युवाओं को सरकारी स्तर पर न तो कोई मदद मिल रही है और न ही संसाधन। फिर भी अपनी नदी-अपनी जिम्मेदारी के भाव से ये युवा पसीना बहा रहे हैं। मालूम हो कि सीवन नदी की महत्ता केवल भूगोल तक सीमित नहीं है, यह लाखों लोगों की आस्था का केंद्र है।